
वर्ष-२; अंक :१-२ (जनवरी से जून, २०२०)
(त्रैमासिक प्रकाशन)

# पुस्तकालयसूचनापत्र

अ॰वि॰वि॰ पुस्तकालय

"ज्ञान हमें जीवन से जोड़ता है......" फ्रांसिस बेकन



## पुस्तकालय : एक दृष्टि में

अंबेडकर विश्वविद्यालय पुस्तकालय सर्वप्रथम मार्च, २००९ में द्वारका परिसर में १८०० मुद्रित पुस्तकों के संग्रह के साथ अस्तित्व में आया। वर्तमान में अंबेडकर विश्वविद्यालय के अंतर्गत कार्यरत तीन परिसर तथा उनके पुस्तकालय क्रमश: कश्मीरी गेट (केजी), कर्मपुरा (केपी), और लोधी रोड (एल आर) में स्थित पुस्तकालय अत्यंत समृद्धि एवं तेज़ी से विकसित हो रहे हैं।



पुस्तकालय का उद्देश्य अपने सभी उपयोगकर्ताओं को कोहा, ऑनलाइन सार्वजनिक अभिगम/ ग्रंथ प्रसूची, सुदूर अभिगम/ रिमोट एक्सेस सुविधा के माध्यम से बिना किसी अवरोध के मुद्रित और ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करने के लिए एक अनुकूल मंच प्रदान करना है। पुस्तकालय पूरी तरह से दैनिक गृह व्यवस्था संचालन के लिए कोहा मुक्त संसाधन सॉफ्टवेयर के साथ स्वचालित है।

अंबेडकर विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों के पुस्तकालयों में वर्तमान समय में, ६५१९८ से अधिक मुद्रित पुस्तकें, ७० मुद्रित पत्रिकाएँ, २६१ दृश्य-श्रव्य साधन, १९२२२ से अधिक ई-पत्रिकाएँ, लगभग २ लाख ई-पुस्तकें और ३५ ऑनलाइन संसाधन हैं।

### पुस्तकालय समयसारणी

| परिसर | केजी | | केपी | | एल आर | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सोमवार से रविवार | प्रात: ८:०० | सांय ८:०० | प्रात: ८:०० | सांय ८:०० | प्रात: ८:०० | सांय ६:०० |
| रविवार/ राजपत्रित अवकाश | प्रात: ८:०० | सांय ८:०० | प्रात: ८:०० | सांय ८:०० | बंद | |

डॉ॰ बी॰ आर॰ अंबेडकर विश्वविद्यालय (अ॰वि॰वि॰)
लोथियन रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली-११०००६
दूरसंचार माध्यम : ०११-२३८६५०८०

## इस अंक में

परिचय..........................१
केजी पुस्तकालय...............२
केपी पुस्तकालय................३
एल आर पुस्तकालय............४
पुस्तकालय नीतियाँ..........५-६
पुस्तकालय सेवाएँ...........६-७
पुस्तकालय सांख्यिकी..........८
कार्मिकों की उपलब्धियां.........९
पुस्तकालय कार्यक्रम......१०-११
उपयोगी लिंक्स..............११
भावी योजनाएँ................१२
सम्पादकीय सदस्य............१२
पुस्तकालय सदस्य............१३



# कश्मीरी गेट पुस्तकालय

अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, कश्मीरी गेट परिसर पुस्तकालय की स्थापना सन २००९ में हुई थी। इस पुस्तकालय में सामाजिक विज्ञान और मानविकी क्षेत्र में शैक्षणिक, व्यावसायिक और अनुसंधान गतिविधियों का समर्थन करने के लिए मुद्रित और ऑनलाइन संसाधनों का एक व्यापक संग्रह सम्मलित है। इसके अतिरिक्त महात्मा गाँधी (२५६), डॉ० बी. आर. अम्बेडकर (१४८), विकलांगता अध्ययन पर पुस्तकें (१२१) तथा दुर्लभ पुस्तकों (५३७) पर एक विशेष संग्रह भी उपलब्ध है।

## पुस्तकालय संसाधन

### मुद्रित

पुस्तकें/ सामयिक प्रकाशन/ शोध-प्रबन्ध/ समाचार पत्र एवं पत्रिकाएँ

### इलेक्ट्रॉनिक


ई-पुस्तकें/ ई-पत्रिकाएँ/ इलेक्ट्रॉनिक शोध प्रबन्ध/ ऑनलाइन संसाधन और डेटाबेस

### दृश्य-श्रव्य माध्यम

सीडी/ डीवीडी

## पुस्तकालय संग्रह

कश्मीरी गेट पुस्तकालय में न केवल मात्रा में, बल्कि गुणवत्ता के आधार पर भी ग्रन्थों / दस्तावेज़ो का एक समृद्ध संग्रह (लगभग ६०३०७+) है, जिसके अंतर्गत सम्मिलित है;



# कर्मपुरा पुस्तकालय

अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, कर्मपुरा परिसर पुस्तकालय की स्थापना २७ जुलाई, सन २०१६ में की गई। केपी पुस्तकालय संग्रह में कानून और शासन, वैश्विक अध्ययन, शहरी अध्ययन के साथ-साथ स्नातक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को भी सम्मिलित किया गया है।

## पुस्तकालय संसाधन

### मुद्रित

पुस्तकें/ सामयिक प्रकाशन/ शोध-प्रबन्ध/ समाचार पत्र एवं पत्रिकाएँ

### इलेक्ट्रॉनिक

ई-पुस्तकें/ ई-पत्रिकाएँ/ इलेक्ट्रॉनिक शोध प्रबन्ध/ ऑनलाइन संसाधन और डेटाबेस

### दृश्य-श्रव्य माध्यम

सीडी/ डीवीडी

## पुस्तकालय संग्रह

कर्मपुरा पुस्तकालय में ग्रन्थों / दस्तावेजों का एक समृद्ध संग्रह (लगभग १००२९+) है, जिसके अंतर्गत सम्मिलित हैं;



# लोधी रोड पुस्तकालय

लोधी रोड परिसर पुस्तकालय ०५ सितंबर २०१७ को १५३५ मुद्रित पुस्तकों के साथ स्थापित किया गया। एलआर पुस्तकालय में शैक्षिक अध्ययन और प्रारंभिक बाल विकास शिक्षा पर ध्यान देने के साथ-साथ बहु-विषयक संसाधन भी उपलब्ध है।

## पुस्तकालय संसाधन

### मुद्रित

पुस्तकें/ सामयिक प्रकाशन/ शोध-प्रबन्ध/ समाचार पत्र एवं पत्रिकाएँ

### इलेक्ट्रॉनिक

ई-पुस्तकें/ ई-पत्रिकाएँ/ इलेक्ट्रॉनिक शोध प्रबन्ध/ ऑनलाइन संसाधन और डेटाबेस

### दृश्य-श्रव्य माध्यम


सीडी/ डीवीडी

### शिक्षण-अधिगम स्रोत

अधिगम स्रोत (अक्षरांकीय/ चित्रपूर्ण पत्र/ सीडी/ डीवीडी, चित्र) व्यावहारिक उपकरण स्रोत

## पुस्तकालय संग्रह

लोधी रोड पुस्तकालय में लगभग ६१००+ ग्रन्थों / दस्तावेज़ो का संग्रह है, जिसमें सम्मिलित है;



# पुस्तकालय नीतियाँ

## पुस्तकालय पुस्तकें एवं पत्रिकाएँ अर्जन प्रक्रिया

अंबेडकर विश्वविद्यालय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकें अर्जन की एक व्यापक प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न संकायों एवं छात्रों को ये सुविधा प्रदान की गयी है कि वे पुस्तकालय के लिये पुस्तकों व पत्रिकाओं को चयनित कर सके। इस प्रक्रिया में पुस्तकालय विभिन्न माध्यमों जैसे पुस्तक प्रदर्शनी, संकायों द्वारा व्यक्तिगत अनुशंसा आदि के माध्यम से चयन प्रक्रिया को स्वीकार करता है। तत्पश्चात पुस्तकालय चयनित सूची (अर्जित करने के लिये) की जांच करता है जिसके द्वारा प्रतिलिपि पुस्तकों की खरीद को रोका जा सके। तत्पश्चात पुस्तकों को अर्जित करने से पूर्व अपने प्रशासनिक और साथ ही वित्तीय अनुमोदन प्राप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अनुशंसित पुस्तकों की सूची को रखा जाता है और पुस्तकालय द्वारा इन अनुशंसित पुस्तकों की सूची को अर्जित करने के लिये आदेशन प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती है।

https://aud.ac.in/services-1/library/forms

## पुस्तकालय परिसंचरण प्रक्रिया

पुस्तकालय परिसंचरण विभाग अपने विभिन्न उपयोगकर्ताओं (अंबेडकर विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारियों और संकाय जिनके पास विश्वविद्यालय से जारी वैध पहचान पत्र है) को पुस्तकों के परिसंचरण (पुस्तक आदान-प्रदान, उनके नवीनीकरण एवं अन्य छात्र को जारी पुस्तकों को आरक्षित करना) की सेवा प्रदान करता है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत पुस्तकालय अपने उपयोगकर्ताओं की प्रत्येक श्रेणी में भिन्न-भिन्न उधार सीमाएँ निर्धारित करता है, जो इस प्रकार है;

| श्रेणी | प्राप्ति | दिन |
|---|---|---|
| स्नातक | ३ पुस्तकें/ २ पाठ्य पुस्तक | १५/२ |
| परास्नातक | ५ पुस्तकें/ ३ पाठ्य पुस्तक | १५/२ |
| शोधार्थी | १० पुस्तकें | ९० दिन |
| शैक्षणिक संकाय | १५ पुस्तकें | एक शिक्षण सत्र |
| गैर-शैक्षणिक संकाय | ५ पुस्तकें | एक माह |
| परिसंचरण समयसारणी | | |
| सोमवार-शुक्रवार | प्रात: ९:०० से सांय ६:०० | |
| शनिवार, रविवार एवं राजपत्रित अवकाश | बंद | |

## अन्त: पुस्तकालय और अन्त: परिसर पुस्तकालय ऋण सेवा


अ॰वि॰वि॰ पुस्तकालय अन्त: पुस्तकालय ऋण सेवा की सुविधा प्रदान करता है। जिसके अंतर्गत सभी उपयोगकर्ताओं डेलनेट, जो पूरे विश्व में ७००० से अधिक सदस्य पुस्तकालयों के मध्य अंत: पुस्तकालय ऋण सेवा का संचालन करती है के माध्यम से पुस्तकें प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त सभी अ॰वि॰वि॰ उपयोगकर्ता अन्त: परिसर पुस्तकालय ऋण सेवा के माध्यम से अपने तीनों परिसरों के पुस्तकालयों से भी पुस्तकों का आदान-प्रदान कर सकते है। इस सेवा के उपयोग हेतु, उपयोगकर्ता ई-मेल के माध्यम से अनुरोध कर सकते हैं या किसी भी परिसर के पुस्तकालय में स्वयं जाकर पुस्तकें ले सकते हैं।

# पुस्तकालय नीतियाँ

## संस्थागत भंडारण

अ॰वि॰वि॰ पुस्तकालय के पास अपना संस्थागत भंडार उपलब्ध है जिसका उद्देश्य अपने सम्पूर्ण संकाय सदस्य, छात्रों एवम् शोधार्थी उत्पादक सामग्री को डिजिटल स्वरूप में संरक्षित करना है। इसके लिये पुस्तकालय ने **डिस्पेस संस्थागत भंडारण सॉफ़्टवेयर** का उपयोग किया है जो उपयोगकर्ताओं (संकाय सदस्य, छात्रों एवम् अनुसंधान विद्वानों) को अपने शोध पत्रों को स्वयं संग्रह करने, शोध साझा करने और अपनी शोध सामग्री को विभिन्न डिजिटल माध्यमों जैसे चित्र आदि में संग्रहीत करने की अनुमति देता है। छात्र अपने शोध और अन्य लेखन कार्य की अधिक दृश्यता के लिए इस मंच का उपयोग कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के अंतर्गत पुस्तकालय अब तक विभिन्न श्रेणियों जैसे अ॰वि॰वि॰ समाचार/ लेख/ सामयिक प्रकाशन पत्र/ वार्षिक रिपोर्ट/ शोध प्रबंध/ नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) रिपोर्ट इत्यादि में लगभग ३६७ से अधिक दस्तावेजों को सम्मिलित कर चुकी है। पिछले छः महीनों (जनवरी से जून २०२०) में पुस्तकालय ने लग्भग ३३४ दस्तवेजों को संग्रहीत किया है। अधिक जानकारी के दिये गये लिंक पर जाए-

(http://172.16.2.115:8080/jspui/)







# पुस्तकालयसेवाएँ


## मूलभूत सेवाएँ

- ग्रंथ परिसंचरण प्रणाली/ सेवा
- संदर्भ सेवा
- सूचना प्रद्योगिकी सेवाएँ/ संगणक सुविधाएँ
- दस्तावेज स्कैनिंग/ अवलोकन सुविधा
- सूचना साक्षरता कार्यक्रम तथा अभिविन्यास कार्यक्रम
- सुदूर अभिगम/ रिमोट एक्सैस
- ओपेक/ ऑनलाइन सार्वजनिक अभिगम/ ग्रंथ प्रसूची
- अन्त: परिसर पुस्तकालय ऋण सेवा,
- सुझाव पेटी/ आपके सुझाव एवम् प्रतिक्रिया



## विशेष सुविधाएँ

पुस्तकालय अपने उपयोगकर्ताओं को कुछ विशेष सेवाएँ भी प्रदान करती है , जो इस प्रकार है –



- नेत्रहीन उपयोगकर्ताओं के लिए **'सुगम्य पुस्तकालय' डेज़ी बुक** (डिजिटल टॉकिंग बुक) उपकरण की सुविधा
- दृष्टिबाधित उपयोगकर्ताओं के लिए डिजिटल सामग्री को पढ़ने हेतु **'स्कैनर कम रीडर'** उपकरण व **'जॉर्ज कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर'** की सुविधा
- विकलांगता अध्ययन हेतु पुस्तकों पर एक विशेष खंड
- डीस्पेस संस्थागत भंडारण
- डेलनेट द्वारा अन्त: पुस्तकालय ऋण सेवा
- पुस्तकालय संसाधनों व सेवाओं पर कार्यशाला का आयोजन
- ऑनलाइन उपयोगकर्ता अभिविन्यास कार्यक्रम (पुस्तकालय व उसके संसाधनों के उपयोग हेतु उपयोगकर्ताओं को जागरूक करना)
- समाचार पत्र डाइजेस्ट सेवा (पुस्तकालय प्रतिदिन २० समाचार पत्रों की समीक्षा करता है जिसमें १० अंग्रेजी, ०८ हिन्दी,०२ उर्दू एवं रोजगार समाचार पत्र सम्मिलित है)
- प्रलेख वितरण सेवा एवम् चयनित सूचना प्रसार सेवा
- सामयिक अभिज्ञता/ जागरूकता सेवा, जैसे नवंगत पुस्तकों का प्रदर्शन
- सूचना परिनियोजन और अधिसूचना सेवा
- ग्रंथ सूची संकलन
- इंफ्लिबनेट के द्वारा से **ई-शोधसिंधु** (उच्च शिक्षा हेतु ई-संसाधनों का भंडार) तथा **शोधगंगा** (भारतीय शोध का एक भंडार) कॉन्सॉर्टियम की सुविधा
- संसाधनों को खोजने हेतु सहायक सेवा
- ई-संदर्भित सेवा
- समाचार अलर्ट सेवा
- सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएँ/ संगणक सुविधाएँ
- पुस्तकालय फेसबुक पृष्ठ

- **ऑनलाइन संसाधनों के लिये सुदूर अभिगम/ रिमोट एक्सेस सुविधा**


  **सोफोस कनेक्ट (वि.पि.एन. एक्सेस) -** अ.वि.वि. के बाहर/ घर से ई-संसाधनों के उपयोग हेतु उपयोगकर्त्ता सोफोस सॉफ्टवेयर के माध्यम से सरलतापूर्वक इन संसाधनों का उपयोग कर सकते है। इसके लिये उपयोगकर्त्ता को प्रथम बार अपने संगणक में सोफोस सॉफ्टवेयर तथा ऑपेन वि.पि.एन. सर्वर को स्थापित/ इंस्टॉल करना पड़ेगा। अधिक जानकारी के दिये गये लिंक पर उपलब्ध वीडियो को देखें— (https://youtu.be/ljKiR_QoW18)

  **इंफेड (इंफ्लिबनेट एक्सेस मैनेजमेंट फेडरेशन)** की सदस्यता। अ.वि.वि. पुस्तकालय ई-शोधसिन्धु के साथ-साथ प्रकाशकों से ई-संसाधनों की सदस्यता लेता है। इस दिशा में पुस्तकालय अपने अंत: परिसर एक्सेस सेवा को संकाय सदस्यों, विद्वानों व छात्रों को विश्वविद्यालय परिसर के बाहर से सब्सक्राइबड स्कॉलरली ई-संसाधनों के उपयोग की सुविधा प्रदान करता है। जिसके लिये उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड अपने सभी संकाय सदस्यों व विद्वानों को पहचान प्रदाताओं के माध्यम से संसाधनों के २४/७ उपयोग हेतु प्रदान किया गया है। इंफेड के उपयोग हेतु दिये गये वीडियो लिंक पर जाये—

  (https://youtu.be/F__qCEet3rA)

# पुस्तकालय संग्रह विकास सांख्यिकी

## (जनवरी से जून २०२०)




# पुस्तकालय सांख्यिकी

## (जनवरी से मार्च २०२०)

| | कश्मीरी गेट पुस्तकालय | कर्मपुरा पुस्तकालय | लोधी रोड पुस्तकालय |
|---|---|---|---|
| पंजीकृत छात्रों की संख्या | २३३४ | १०४८ | १९४ |
| पुस्तकालय आगंतुक | ५५०३ | २१४५ | ४८८ |
| पुस्तकों पर व्यय | १०६११०५४ | १८६८८८९ | ९४२५८५ |
| पुस्तकों का परिसंचरण (पुस्तक आदान-प्रदान एवं नवीनीकरण) | ७८१९ | १८८४ | ९४३ |
| अंत: परिसर पुस्तकालय ऋण सेवा | २९० | १८९ | ४६ |
| डेलनेट द्वारा अन्त: पुस्तकालय ऋण सेवा (आदान-प्रदान दोनों) | १५६ | केजी से | केजी से |
| जुर्माना संग्रह (रूपये) | ३४८३५ | ८१५० | २६६० |

# पुस्तकालय कार्मिकों की उपलब्धियां

## डॉ॰ देबल सी कर (पुस्तकालयाध्यक्ष)



डॉ॰ देबल सी कर ने मुख्य प्रवक्ता के रुप में ९ वें अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालय सूचना व्यावसायिक शिखर सम्मेलन (आई.-एल.आई.पी.एस.), अकादमिक पुस्तकालयों में नवीनतम रुझान चुनौतियां और अवसर, विषय पर १४ से १६ फरवरी, २०२० को आयोजित समारोह के समापन सत्र को सम्बोधित किया, जिसका आयोजन एस.ओ.एस., पुस्तकालय व सूचना विज्ञान, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर, आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर, स्पेशल लाइब्रेरी एसोसिएशन (यूएसए) के सहयोग से - एशियन चैप्टर, सोसाइटी फॉर लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स (एसएलपी), आईएफएलए - एशिया और ओशिनिया सेक्शन, जीवाजी यूनिवर्सिटी, ग्वालियर, मध्य प्रदेश में किया गया।



३० मई, २०२० को uLektz Wall of Fame ने वर्ष २०१९ में पूरे भारतवर्ष में शीर्ष ५० उत्कृष्ट पुस्तकालयाध्यक्ष सूची की घोषणा की है, जिसमें डॉ॰ देबल सी कर का नाम शीर्ष पुस्तकालयाध्यक्ष में से एक है।

## डॉ॰ अलका राय (उप पुस्तकालयाध्यक्ष)



डॉ॰ अलका राय को वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिए २७ फ़रवरी २०२० को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एन॰आई॰ओ॰एस॰) के एक प्रत्यक्ष परस्पर संवादात्मक सत्र में **'आधुनिक पुस्तकालयों में स्वचालित, हायब्रिड, डिजिटल और आभासी पुस्तकालयों की अवधारणा'** विषय पर चर्चा हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया था।

**पूरे कार्यक्रम को देखने के लिए कृपया दिये गये लिंक को देखे –**
https://www.youtube.com/watch?v=xgsLcsKaONk



मध्य प्रदेश पुस्तकालय संघ द्वारा आयोजित ऑनलाइन संगोष्टी **"ई-रिसोर्सेज को डीमिस्टीफाई करने पर अवलोकन"** विषय पर ०७, जून २०२० को मुख्य प्रवक्ता के रूप में डॉ॰ अलका राय को मुख्य प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया, जिसमें उन्होंने **'ई-पुस्तकों के भूत, वर्तमान तथा भविष्य काल'** पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया।



मुख्य प्रवक्ता के रूप में, द लीगल हेल्प लाइन इंडिया द्वारा २३ जून, २०२० को आयोजित ऑनलाइन संगोष्टी **"लर्निंग वेब सर्च एँड रिसर्च"** विषय पर व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया।

**पूरे कार्यक्रम को देखने के लिए कृपया दिये गये लिंक को देखे –**
https://www.youtube.com/watch?v=V5M3AqNiN8o

# पुस्तकालय कार्यक्रम

## कार्यक्रम : कार्यशाला

शोधोत्सव के दौरान कश्मीरी गेट परिसर पुस्तकालय में २० जनवरी २०२० को संकाय व अनुसंधान विद्वानों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय था **'व्हाट रिसर्चर शुड नो – फ्रोम रिसर्च टू पब्लिकेशन'**। इस कार्यशाला में १८० से अधिक प्रतिभागियों ने नामांकन किया, किंतु सीमित सीटों के कारण केवल ६० प्रतिभागी भाग ले सके। इस कार्यशाला में मुख्य प्रवक्ता के रूप में **डॉ. आर. सी. गौर** (अध्यक्ष, आई.जी.एन.सी.ए.), **डॉ. मनोरमा त्रिपाठी** (पुस्तकालयाध्यक्ष, जे.एन.यू.) तथा **श्री आकाश चक्रवर्ती** (राऊटलेज) अपने व्याख्यान से सभी को सारगर्भित किया तथा **डॉ० अलका राय**, उप पुस्तकालयाध्यक्ष ने कार्यक्रम में समन्वयक की भूमिका निभाई।





## कार्यक्रम : सूचनापत्र प्रकाशन



पुस्तकालय ने अपने प्रथम त्रैमासिक सूचनापत्र का प्रकाशन २२ जनवरी, २०२० को शोधोत्सव के समापन समारोह के दौरान उप-कुलपति **प्रो. जतिन भट्ट, प्रो. सलिल मिश्रा** तथा शोध एवं परामर्श अध्यक्ष, **प्रो. गीता वेंकटरमन**, की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया।



## कार्यक्रम : 'जॉर्ज कंप्यूटर सॉफ्टवेयर' उद्घाटन


अ०वि०वि० को और अधिक समावेशी बनाने की दिशा में माननीय कुलपति महोदया **प्रो. अनु सिंह लाथर** ने ५ फरवरी २०२० को उप कुलपति **प्रो. जतिन भट्ट**, रजिस्ट्रार **डॉ. नितिन मलिक**, पुस्तकालय समिति अध्यक्ष **प्रो. रुक्मिणी सेन** तथा अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मुद्रित विकलांगता को कम करने के लिए पुस्तकालय में स्थापित प्रथम सहायक उपकरण **'स्कैनर कम रीडर'** (यह उपकरण मुद्रित सामग्री को ऑडियो के रूप में परिवर्तित करता है) तथा **जॉर्ज कंप्यूटर सॉफ्टवेयर'** का उद्घाटन किया।

## कार्यक्रम : प्रदर्शन सत्र

कश्मीरी गेट परिसर पुस्तकालय में २६ फरवरी, २०२० को ईपीडब्ल्यूआरएफ इंडिया टाइम सीरीज के एक प्रदर्शन सत्र का आयोजन किया।

## कार्यक्रम : ऑनलाइन वेबिनार / प्रशिक्षण सत्र

- अ°वि°वि° पुस्तकालय ने २९ अप्रैल, २०२० को गूगल मीट के माध्यम से परास्नातक, ग्लोबल स्ट्डीज के छात्रों के लिये २ घण्टे लंबे चले वेबिनार/ ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। यह एक परस्पर संवादात्मक सत्र था, जिसमें कार्यशाला के अन्त में प्रतिभागियों से प्राप्त प्रतिपुष्टि पत्र अत्यधिक संतोषजनक और प्रेरणाप्रद थे।
- पुस्तकालय ने अपने छात्रों तथा संकाय को साहित्यिक चोरी से अवगत करवाने हेतु **'उर कुंड'** साहित्यिक चोरी सॉफ्टवेयर पर १२ मई, २०२० तथा १४ जून, २०२० को दो ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया।
- अ°वि°वि° पुस्तकालय ने २९ जून, २०२० को एल्सेवियर के सहयोग से शोध आलेख और संदर्भ प्रबंधन पर एक वेबिनार का आयोजन किया, जिसका विषय था- **"बेसिक प्लानिंग योअर रिसर्च आर्टिकल राइटिंग"**। इस वेबिनार का दूसरा सत्र संदर्भ प्रबंधन उपकरण **मेंडेले** नामक सॉफ्टवेयर एक पर आयोजित किया गया। इस वेबिनार में ४४० से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय (ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और फिजी से सम्मिलित प्रतिभागी) प्रतिभागियों ने नामांकन किया, जिसमें लगभग ५०% (२००) प्रतिभागी अम्बेडकर विश्वविद्यालय से थे। इसमें विभिन्न संस्थानों में से २१० से अधिक संकाय सदस्य, शोधार्थी तथा पुस्तकालयाध्यक्ष भी सम्मिलित हुए।




## उपयोगी लिंक्स

- पुस्तकालय वेब पृष्ठ (https://aud.ac.in/services-1/library/library-home)
- ओपेक / ग्रंथ प्रसूची (http://aud-opac.kohacloud.in)
- डीस्पेस संस्थागत भंडारण (http://172.16.2.115:8080/jspui/)
- डेलनेट द्वारा अन्त: पुस्तकालय ऋण सेवा (http://www.delnet.in/)
- पुस्तकालय नियम तथा अधिनियम (https://aud.ac.in/services-1/library/rules-and-regulations)
- ई-संसाधन (https://aud.ac.in/services-1/library/e-resources)
- ई-सामयिक प्रकाशन (https://aud.ac.in/e-journals-individual-titles)
- ऑनलाइन संसाधन तथा डेटाबेस (https://aud.ac.in/online-database)
- ई-पुस्तकें (https://aud.ac.in/e-books-and-archival-database)
- रिमोट एक्सेस/ सोफोस कनेक्ट (वि.पि.एन. एक्सेस) (https://aud.ac.in/services-1/library/vpn-access)
- इंफेड एक्सेस (https://idp.aud.ac.in/)
- इंफेड पासवर्ड बदलने हेतु (https://idp.aud.ac.in/pw/)
- मुक्त शैक्षिक संसाधन (https://aud.ac.in/services-1/library/open-educational-resources)
- पुस्तकालय फेसबुक पृष्ठ (https://www.facebook.com/AUD-Library-1256924024348868/)

### प्रमुख वीडियो ट्यूटोरियल लिंक्स

- सोफोस कनेक्ट सुविधा (https://www.youtube.com/watch?v=ljKiR_QoW18&feature=youtu.be)
- इंफेड उपयोग (https://www.youtube.com/watch?v=F__qCEet3rA&feature=youtu.be)

# भविष्य/ भावी योजनाएँ

- विश्व स्तर पर कारोना महामारी के कारण संगठनों और समुदायों को दिन प्रतिदिन नई वास्तविकता/ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। आज शैक्षणिक क्षेत्र में, मानव अधिक से अधिक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली पर निर्भर होता जा रहा है, जिसके फलस्वरूप वह ऑनलाइन और डिजिटल की दुनिया की ओर बढ़ रहा हैं। इसलिये अम्बेडकर पुस्तकालय अपने उपयोगकर्ताओं को अधिक से अधिक डिजिटल और ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने की कोशिश कर रही है। इस दिशा में पुस्तकालय अपने उपयोगकर्ताओं को संसाधनों की सुगम खोज हेतु सिंगल विंडो सर्च सुविधा प्रदान करने की प्रक्रिया पर कार्य कर रहा है ।
- पुस्तकालय सुरक्षा के उद्देश्य से **आर॰एफ॰आई॰डी॰** तकनीक को भी कार्यान्विनित करने की प्रक्रिया पर कार्य किया जा रहा है।
- अम्बेडकर पुस्तकालय एक समर्पित पुस्तकालय वेबसाइट विकसित करने पर कार्य कर रही है।
- भविष्य में, अपने उपयोगकर्ताओं को ओर अधिक तकनीकी-अनुकूल और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करने के लिए, पुस्तकालय को डिजिटल पुस्तकालय के रूप में स्थापित करने की पहल पर भी कार्य किया जा रहा है।
- पुस्तकालय संसाधन सहभागिता के उदेश्य से भारत तथा विदेशों में अन्य विश्वविद्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों के पुस्तकालयों के साथ सहयोग करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

# सम्पादकीय सदस्य

| डॉ० अलका राय (उप पुस्तकालयाध्यक्ष) | | |
|---|---|---|
| **श्री रवींद्र रावत (कनिष्ठ प्रबन्धक)** | | |
| **निशा शर्मा**<br>(पुस्तकालय सहायक)<br>कश्मीरी गेट परिसर | **कुमुद**<br>(पुस्तकालय सहायक)<br>कर्मपुरा परिसर | **प्रीति**<br>(पुस्तकालय सहायक)<br>लोधी रोड परिसर |

**अपने पुस्तकालयाध्यक्ष से पूछें**

**डॉ० देबल सी कर**

**(पुस्तकालयाध्यक्ष)**

संपर्क करें : ०११-२३८६५०८४, ०११-२३८६३४१०, ०११-२३८६५०८०

ईमेल : librarian@aud.ac.in

आप हमारा **एयूडी फेसबुक पृष्ठ** पर भी अनुसरण कर सकते हैं

Like Us On Facebook

ऑनलाइन प्रति हेतु

स्कैन करें

**विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वैबसाइट को देखें**

**https://aud.ac.in/services-1**

# पुस्तकालय सदस्य



**डॉ० देबल सी. कर (पुस्तकालयाध्यक्ष)**
(debal@aud.ac.in)

## अपने संपर्क व्यक्तियों को जानें



डॉ० दिनेश कुमार
(उप पुस्तकालयाध्यक्ष)
(dinesh@aud.ac.in)
(केजी व केपी पुस्तकालय)

**कार्य विवरण :-** सामयिक प्रकाशन एवं पत्रिकाओं की सदस्यता जानने हेतु, उरकुंड साहित्यिक चोरी सॉफ्टवेयर के लिये, पुस्तकालय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करना, परिसंचरण विभाग इत्यादि



डॉ० अलका राय
(उप पुस्तकालयाध्यक्ष)
(alka@aud.ac.in)
(केजी व एल आर पुस्तकालय)

**कार्य विवरण :-** पुस्तकें खरीदने हेतु, ऑनलाइन संसाधनों/ रिमोट एक्सेस हेतु, पुस्तकालय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करना, डेलनेट व अंत: पुस्तकालय ऋण सेवा, परिसंचरण विभाग, पुस्तकालय मंजूरी प्रमाण पत्र जारी करना इत्यादि

## अ.वि.वि. सहायक कर्मचारी

### केजी परिसर पुस्तकालय

(कनिष्ठ पुस्तकालय प्रबन्धक)



**रवींद्र रावत**
(ravinder@aud.ac.in)
(पुस्तकें अधिग्रहण, अंत: पुस्तकालय, डेलनेट, अंत: परिसर पुस्तकालय ऋण सेवा, पुस्तकालय मंजूरी प्रमाण पत्र जारी करना, परिसंचरण विभाग आदि)



**मंजू**
(manju@aud.ac.in)
(अंत: पुस्तकालय, डेलनेट, अंत: परिसर पुस्तकालय ऋण सेवा, जुर्माना संग्रह, पुस्तकालय मंजूरी प्रमाण पत्र जारी करना, परिसंचरण विभाग आदि)

(पुस्तकालय सहायक)



**निशा शर्मा**
(nisha@aud.ac.in)



**मीना**
(meenalib@aud.ac.in)

### केपी परिसर पुस्तकालय

(पुस्तकालय सहायक)



**ओमप्रकाश मिश्रा**
(omparkash@aud.ac.in)
(संदर्भ सेवा तथा सामयिक प्रकाशन)



**कुमुद**
(kumud@aud.ac.in)
(अंत: पुस्तकालय, डेलनेट, अंत: परिसर पुस्तकालय ऋण सेवा)

### एल आर परिसर पुस्तकालय




**प्रीति**
(preeti2@aud.ac.in)
(संदर्भ सेवा, अंत: पुस्तकालय, डेलनेट, अंत: परिसर पुस्तकालय ऋण, जुर्माना संग्रह, परिसंचरण विभाग आदि)

(पुस्तकालय सहायक)



**अनूप कुमार वर्मा**
(anoopk@aud.ac.in)
(संदर्भ सेवा, अंत: पुस्तकालय, डेलनेट, अंत: परिसर पुस्तकालय ऋण, जुर्माना संग्रह, परिसंचरण विभाग आदि)







**संजय रावत** **नैक्सन** **पिंकी**
(पुस्तकालय परिचर/ एम. टी. एस.)
(rawat@aud.ac.in) (nekson@aud.ac.in) (pinky@aud.ac.in)



**मीनाक्षी शर्मा**
(कनिष्ठ पुस्तकालय सहायक)
(msmeenakshi@aud.ac.in)
(जुर्माना संग्रह)



**दीपू सिंह**
(पुस्तकालय परिचर)
(dsingh@aud.ac.in)